हिंदी अध्यापक मंच (HAM)

H -

SSLC Model Examination MARCH 2023

Score:40 HINDI – SET 1 Time : $1^{1}/_{2}$ hrs

सामान्य निर्देश :

- पहला 15 मिनिट के समय प्रश्नों का वाचन करें तथा उत्तर लिखने की तैयारी करें।
- सूचनाओं को ध्यान से पढ़ें और उत्तर लिखें।
- वैकल्पिक प्रश्नों में से किसी एक का ही उत्तर लिखें।

सूचना: "बीरबहूटी" कहानी का यह अंश पढ़ें और प्रश्न 1 और 2 के उत्तर लिखें।

> वे एक- दूसरे के बहुत नज़दीक रहकर, बल्कि कहना चाहिए बिलकुल सटकर बीरबहुटियों को खोजते थे। उन्हें देखने के लिए बीरबहूटियों के गंध भरे भूरी ज़मीन पर बैठ जाया करते थे।

1. सही विकल्प चुनकर लिखें। (1)

   (क) मैं + का = मुझे (ख) मैं + को = मुझे

   (ग) मैं + के = मुझे (घ) मैं + से = मुझे

2. कहानी के प्रस्तुत अंश के आधार पर **पटकथा** का एक दृश्य तैयार करें। (4)

सूचना: "हताशा से एक व्यक्ति बैठ गया था" टिप्पणी का यह अंश पढ़ें और प्रश्न 3 और 4 के उत्तर लिखें।

> यदि हम किसी व्यक्ति को उसकी हताशा, निराशा, असहायता या उसके संकट से नहीं जानते तो हम कुछ नहीं जानते ।सड़क पर घायल पड़े अपरिचित व्यक्ति को देखकर क्या हम कह सकते हैं कि उसे हम नहीं जानते?

3. "अपरिचित व्यक्ति" में विशेषण शब्द कौन- सा है? (1)

4. **वाक्य पिरमिड** की पूर्ति करें। (2)

(सड़क पर, अपरिचित)

घायल पड़ा था।

व्यक्ति घायल पड़ा था।

. . . .

. . . .

HINDI ADHYAPAK MANCH

सूचना: " टूटा पहिया " कविता का यह अंश पढ़ें और प्रश्न 5 और 6 के उत्तर लिखें ।

मैं
रथ का टूटा हुआ पहिया हूँ
लेकिन मुझे फेंको मत !
क्या जाने ; कब
इस दुरूह चक्रव्यूह में
अक्षौहिणी सेनाओं को चुनौती देता हुआ
कोई दुस्साहसी अभिमन्यु आकर घिर जाए!

5. अक्षौहिणी सेनाओं को कौन चुनौती देता है? (1)

6. कवि और कविता का परिचय देते हुए कवितांश का आशय लिखें। (4)

अथवा

सही मिलान करें।

टूटा पहिया	समस्याएँ
चक्रव्यूह	अभिमन्यु
महारथी	शासक वर्ग
दुस्साहसी	लघुमानव

सूचना: " आई एम कलाम के बहाने " फ़िल्मी लेख का यह अंश पढ़ें और प्रश्न 7 और 8 के उत्तर लिखें ।

हमारा नायक कलाम चाय की दुकान में काम करता है । उसका सपना है स्कूल जाना और टीवी में देखे लंबे बालोंवाले राष्ट्रपति ' कलाम ' सा बनना ।

7. कलाम का सपना क्या था? (1)

HINDI ADHYAPAK MANCH

8. फ़िल्मी लेख के आधार पर **छोटू** की चार चरित्रगत विशेषताएँ चुनकर लिखें। (4)

- चाय की दुकान में काम करता है।
- स्कूल जाना चाहता है।
- गरीब परिवार का लड़का है।
- परीक्षा से डरता है।
- लूसी मैडम का दिल जीत लेता है।
- ढाणी के राणा का बेटा है।

सूचना: " सबसे बड़ा शो मैन " जीवनी का यह अंश पढ़ें 9 से 11 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें।

> चार्ली स्टेज पर पहली बार आया और माँ आख़िरी बार. . .
> दुनिया के सबसे बड़े शो मैन का यह पहला शो था। उसने जन्म ले लिया था।

9. सही विकल्प चुनकर वाक्य की पूर्ति करें। (1)

माँ गीत गाने . . . . ।

(क) लगा (ख) लगे

(ग) लगी (घ) लगीं

10. दुनिया के सबसे बड़ा शो मैन का यह पहला शो था। इसका मतलब क्या है? (2)

11. दिसंबर 25 चार्ली चैप्लिन का स्मृति दिवस है। इसकी यादगार में सरकारी हाईस्कूल गुलाबनगर के हिंदी मंच के द्वारा एक फ़िल्म प्रदर्शन होनेवाली है। इसके लिए एक **पोस्टर** तैयार करें। (4)

सूचना: " ठाकुर का कुआँ " कहानी का यह अंश पढ़ें और प्रश्न 12 और 13 के उत्तर लिखें।

> हम क्यों नीच हैं और ये लोग क्यों ऊँच हैं? इसलिए कि ये लोग गले में ताग डाल लेते हैं? यहाँ तो जितने हैं, एक-से-एक छंटे हैं। चोरी ये करें, जाल फरेब ये करें, झूठे मुकदमे ये करें।

12. हम क्यों नीचे हैं और ये लोग क्यों ऊँच हैं? यहाँ कौन- सी सामाजिक समस्या की ओर संकेत किया है ?
(बेकारी, भ्रष्टाचार, जाति प्रथा) (1)

13. निम्नलिखित सूचकों के आधार पर गंगी के चरित्र पर **टिप्पणी** लिखें । (4)

- पतिप्रेमी
- विद्रोही दिलवाली
- साहसी
- स्वाभिमानी

HINDI ADHYAPAK MANCH

सूचना: "बसंत मेरे गाँव का " लेख का यह अंश पढ़ें और प्रश्न 14 और 15 के उत्तर लिखें।

बर्फ़ीले मौसम में निचले इलाकों की ओर जाते वक्त पुरानी वसूली की जाती है। मजे की बात है कि नकद -उधार के आंकड़े कहीं दर्ज नहीं होते ।

14. गाँववालों से कब पुरानी वसूली की जाती है ? (1)

15. इस प्रसंग के आधार पर पशुचारक और गाँववाले के बीच का संभावित **वार्तालाप** तैयार करें। (4)

सूचना: "गुठली तो पराई है " कहानी का यह अंश पढ़ें और प्रश्न 16 और 17 के उत्तर लिखें।

गुठली रोने लगी, तो बुआ ने डाँटा," तभी माँ ने अपने हाथ से उसका नाम कार्ड पर लिख दिया ।ये अक्षर छपाई जैसे नहीं थे, फिर भी गुठली माँ के प्यार से मान गई ।

16. "गुठली तो पराई है " कहानी में चर्चित सामाजिक समस्या क्या है? (1)

(जाति प्रथा, बालश्रम, ल़ड़की- लड़का भेदभाव)

17. गुठली अपना अनुभव बताते हुए सहेली के नाम **पत्र** लिखती है ।पत्र कल्पना करके लिखें ।(4)

अथवा

सही मिलान करें।

ससुराल ही तेरा असली घर होगा।	माँ
जो कल होना है,उसे लेकर आज क्यूँ परेशान होना।	भैया
अपने घर की छोरियों के नाम कार्ड पर नहीं छपते।	बुआ
गुठलिया, अपने नानू को खाना नहीं दिया?	ताऊजी

HINDI ADHYAPAK MANCH